**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तर**

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 13 (क) | क्या कृषि शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय संचालित है? | जी हॉ, |
| (ख) | उक्त विश्व विद्यालयों में संवर्ग वार कितने पद सृजित हैं तथा कितने पद रिक्त हैं? | • चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में शैक्षणिक संवर्ग के कुल 224 पद सृजित एवं 194 रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 1338 पद सृजित एवं 238 पद रिक्त हैं।<br>• आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या में शैक्षणिक संवर्ग कुल 396 पद सृजित एवं 254 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 582 पद सृजित एवं 365 पद पद रिक्त हैं।<br>• सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में शैक्षणिक संवर्ग के कुल 324 पद सृजित एवं 202 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 183 पद सृजित एवं 55 पद पद रिक्त हैं।<br>• बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में शैक्षणिक संवर्ग के कुल 126 पद सृजित एवं 37 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 08 पद सृजित एवं 01 पद रिक्त हैं।<br>• सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शैक्षिक संवर्ग के कुल 119 पद सृजित एवं 17 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 103 पद सृजित एवं 09 पद रिक्त हैं। |
| (ग) | क्या उक्त पद बहुत दिनों से रिक्त हैं? | उक्त पदों की रिक्तता के दृष्टिगत शासन की अनुमति के उपरान्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा एवं सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में पदों को भरे जाने की प्रक्रिया प्रचलित है। |
| (घ) | क्या रिक्त पदों पर नियुक्तियां न करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों के प्रति कार्यवाही करते हुए पूरा विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता है। |

सूर्य प्रताप शाही
मंत्री,
कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग।